# COMMERCE

# वाणिज्य

## PAPER—III

## प्रश्न-पत्र—III

**NOTE:** This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given herewith.

नोट : यह प्रश्नपत्र दो सौ (200) अंको का है एवं इसमें चार (4) खंड है। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।

www.examrace.com

## SECTION - I

## खंड — I

**NOTE:** This section contains five (5) questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about thirty (30) words and each carries five (5) marks.

**(5x5=25 marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच ( 5 ) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस ( 30 ) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच ( 5 ) अंको का है।

**(5x5=25 अंक)**

1. The former Chief Economist of the Inter-American Development Bank, Ricardo Hausmann, has disagreed that FDI may appear more stable than it is, as Transnational Corporations (TNCs) may use other ways than repatriating FDI to leave the country : "If a foreign firm saw a crisis coming and wanted to take money out___ it would borrow domestically and buy foreign assets or repay foreign loans".

On the other hand FDI is perceived superior to other types of capital inflows for several reasons :

(A) In contrast to foreign lenders and portfolio investors, foreign direct investors, typically, have a longer-term perspective when engaging in a host country. Hence FDI inflows are less volatile and easier to sustain at times of crises.

(B) While debt inflows may finance consumption rather than investment in one host country, FDI is more likely to be used productively.

(C) FDI is expected to have relatively strong effects on economic growth, as FDI provides for more than just capital. FDI offers access to internationally available technologies and management, Know-how and may render it easier to penetrate world market

In back ground of the above statement, answer the following questions :

इन्टर- अमेरिकन डेवलपमेन्ट बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री रिकार्डो हैसमैन ने इस बात से असहमति व्यक्त की है कि एफ.डी.आई. जितना है उससे अधिक स्थिर प्रतीत हो सकता है। क्योंकि देश को छोड़ने के लिए टी.एन. सीज (TNCs) स्वदेश वापसी की अपेक्षा अन्य तरीके अपना सकते हैं : "किसी विदेशी फर्म को यदि कोई सम्भावित संकट दिखाई देता है और वह धन को बाहर ले जाना चाहती है ......... तो वह घरेलू ऋण ले सकती है या विदेशी परिसम्पत्तियां खरीद सकती है, अथवा विदेशी कर्ज चुकाएगी"।



www.examrace.com

दूसरी ओर अन्य प्रकार के पूंजीगत अंतर्प्रवाहों से एफ.डी.आई. को अनेक कारणों से श्रेष्ठ माना जाता है :

(A) विदेशी ऋणदाताओं तथा पोर्टफोलियो निवेशकों के विपरीत, मेजबान देश में कार्य करते समय, विदेशी प्रत्यक्ष निवेशक विशिष्ट प्रकार का दीर्घावधिक दृष्टिकोण रखते हैं। अतः एफ.डी.आई. अन्तर्प्रवाह कम स्थिर होते हैं तथा संकट काल को आसानी से झेल लेते हैं।

(B) मेजबान देश में ऋण का अन्तर्प्रवाह निवेश की अपेक्षा खपत के लिए वित्त व्यवस्था कर सकता है, जबकि एफ.डी.आई. का उपयोग अधिक उत्पादक रूप में किये जाने की संभावना होती है।

(C) आर्थिक संवृद्धि पर एफ.डी.आई. के सापेक्षतया अधिक प्रबल प्रवाह की अपेक्षा की जाती है क्योंकि एफ.डी.आई. मात्र पूंजी के अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराता है। एफ.डी.आई. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध प्रौद्योगिकियों तथा प्रबन्धकीय जानकारी के अवसर मुहैया कराता है तथा विश्व बाजार में अपनी साख को आसान बना सकता है।

उपरोक्त कथन की पृष्ठभूमि में निम्न प्रश्नों के उत्तर दें :

1. How FDI is better form of external financing vis-a-vis other capital inflows ?
अन्य पूंजीगत अन्तर्प्रवाहों की तुलना में एफ.डी.आई. बाह्य वित्तियन का बेहतर रूप कैसे है ?



www.examrace.com

2. How FDI is most stable item ?

एफ.डी.आई. सर्वाधिक स्थिर मद कैसे है ?

3. Does FDI raises overall investment, how ?

क्या एफ.डी.आई. कुल निवेश को बढ़ाता है, कैसे ?

www.examrace.com

4. How FDI contributes to economic growth ?

आर्थिक संवृद्धि में एफ.डी.आई. कैसे योगदान करता है ?

5. How FDI is more productive ?

एफ.डी.आई. किस प्रकार अधिक उत्पादक है ?

www.examrace.com

## SECTION - II

## खंड – II

**NOTE:** This section contains fifteen (15) questions each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks.

**(5x15=75 marks)**

**नोट :** इस खंड में पाँच-पाँच (5-5) अंकों के पंद्रह (15) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है।

**(5x15=75 अंक)**

6. "With abolition of Disinvestment Ministry, the process of privatisation has come to a grinding halt". Do you agree with this statement ? Explain.
"विनिवेश मंत्रालय की समाप्ति के साथ निजीकरण की प्रक्रिया बिल्कुल रुक सी गई है"। क्या आप इस कथन से सहमत हैं ?

www.examrace.com

7. "Monetary and fiscal policies are complementary to each other". Critically examine the statement.

"मौद्रिक एवं राज कोषीय नीतियां एक-दूसरे की पूरक है" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

8. What is Sacrifice Ratio ? How is it different from Gain Ratio ? When both ratios are used ?

त्याग का अनुपात से क्या अभिप्राय है ? यह अर्जित अनुपात ( गेन रेशियो ) से कैसे भिन्न है ? इन दोनों अनुपातों का प्रयोग कब किया जाता है ?

www.examrace.com

9. A share issued at a discount is forfeited and then again it is reissued. Give accounting entries to this effect:

कटौती पर जारी किया गया एक अंश का हरण किया जाता है तथा उसे पुनः निर्गमित किया जाता है। इससे संबंधित लेखा प्रविष्टियाँ दर्शाएं।

10. "Increase - Decrease in demand and Expansion - Contraction in demand are not different". Explain and give diagrams.

"मांग में वृद्धि-कमी तथा मांग में विस्तार - संकुचन भिन्न नहीं है। समीक्षा करें तथा चित्र बनाएं।

www.examrace.com

11. "Product differentiation is mostly found in the present day globalised market". Explain in the context of the market situation it refers to :

"आधुनिक वैश्वीकृत बाजार में केवल (वस्तु) उत्पाद-विभेदीकरण पाया जाता है"। किस बाजार अवस्था के संदर्भ में कहा गया है, समझाइये।

12. Write a short note on computer application to Accounting.

लेखांकन में कम्प्यूटर - अनुप्रयोग पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

www.examrace.com

13. "One may delegate authority but not responsibility, however, authority is a weakness for those who do not wish to exercise". Explain.

"कोई व्यक्ति प्राधिकार का अन्तरण कर सकता है, उत्तरदायित्व का नहीं, तथापि, उन लोगों के लिए प्राधिकार एक कमजोरी ही होती है यदि वे इसका इस्तेमाल नहीं करते" – व्याख्या कीजिए।

14. "It is said that management by committees is not to manage but postpone the matter". Do you agree with this statement ? Explain.

"यह कहा जाता है कि वास्तव में समितियों द्वारा प्रबन्धन से अभिप्राय प्रबन्ध करना ही नहीं; बल्कि विषय को स्थगित करना अभिप्रेत है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं ?

www.examrace.com

15. What is the difference between Market Research and Marketing Research ?

बाजार अनुसंधान तथा विपणन अनुसंधान के बीच क्या अन्तर है ?

16. Explain 'Peak Load' pricing strategy.

'पीक-लोड' कीमत निर्धारण रणनीति की व्याख्या कीजिए।

www.examrace.com

17. What are the dangers of over-capitalisation ?

अति पूंजीकरण के क्या खतरे हैं ?

18. Explain "M.M Hypothesis".

एम.एम. प्राक्कल्पना की व्याख्या करें।

www.examrace.com

19. What is the difference between production and productivity? Why labour productivity is not generally linked with wages ?

उत्पादन तथा उत्पादकता के बीच क्या अन्तर है ? सामान्यतया श्रम-उत्पादकता को मजदूरी के साथ क्यों नहीं जोड़ा जाता है ?

20. Comment on the policy of merger of nationalised banks in india ?

भारत में राष्ट्रीयकृत बैंको के विलय की नीति पर टिप्पणी कीजिए।

www.examrace.com

## SECTION - III

## खंड – III

**NOTE :** This section contains five (5) questions from each of the electives / specialisations. The candidate has to choose only one elective / specialisation and answer all the five questions from it. Each question carries twelve (12) marks and is to be answered in about two hundred (200) words.

**(12x5=60 marks)**

**नोट :** इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता में पाँच (5) प्रश्न हैं। अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता को चुनकर उसी में से पाँचो प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न बारह (12) अंकों का है व उसका उत्तर लगभग दो सौ (200) शब्दों में अपेक्षित है।

**(12x5=60 अंक)**

### Elective - I

### विकल्प – I

### Accounting and Finance / लेखांकन एवं वित्त

21. How does 'Responsibility Accounting' help a manager in carrying out his responsibility of planning, controlling and decision-making ?

    नियोजन, नियन्त्रण तथा निर्णयन के दायित्व का निर्वहन करने में उत्तरदायी लेखांकन किस प्रकार एक प्रबन्धक की सहायता करता है?

22. Explain the salient features of the accounting standard-3 (revised) on cash flow statement.

    रोकड़ प्रवाह विवरण पर लेखाकरण मानक-3 (संशोधित) के प्रमुख लक्षणों की व्याख्या करें।

23. How is National Stock Exchange different from any other stock exchanges in India?

    नेशनल स्टॉक एक्सचेन्ज, भारत के अन्य स्टॉक एक्सचेंज से किस प्रकार भिन्न है ?



www.examrace.com

24. What are open-ended and close-ended mutual funds? Explain the growth of mutual funds in the private sector ?

खुली- सीमा (open-ended) तथा बन्द सीमा (close-ended) म्यूचुअल फण्ड क्या हैं ? निजी क्षेत्र में म्यूचुअल फण्ड की प्रगति को समझाइये।

25. Critically examine the role of SEBI in the protection of investors.

निवेशक-संरक्षण में सेबी की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - II**

**विकल्प – II**

**Marketing / विपणन**

21. Explain the role of packaging and labelling in the marketing of a consumer product.

एक उपभोक्ता उत्पाद के विपणन में पैकेजिंग तथा लेबलिंग की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

22. Discuss the various challenges before the marketeers of speciality goods during the saturation stage of Product Life Style. (PLC)

(PLC) उत्पाद-जीवनचक्र की परिपक्वावस्था के दौरान विशेष- प्रयोजनीय जिंसों के विपणन करने वालों के सम्मुख आने वाली विभिन्न चुनौतियों की चर्चा कीजिए।

23. How is a sound marketing mix package determined and monitored in service sector ?

सेवा क्षेत्र में एक सुदृढ़ मार्केटिंग मिक्स पैकेज का निर्धारण तथा उसकी मोनिटरिंग कैसे की जाती है।



www.examrace.com

24. Describe marketing tasks of marketing managers. How marketing researchers help in accomplishment of marketing tasks ?

विपणन प्रबंधकों के लिए विपणन संबंधी निर्दिष्ट कार्यों का वर्णन कीजिए। विपणन संबंधी इन कार्यों के निष्पादन में विपणन शोधकर्ता किस प्रकार सहायता करते हैं ?

25. Comment on the various pricing strategies having practical applications.

व्यावहारिक अनुप्रयोग वाली विभिन्न कीमत निर्धारण रणनीतियों पर टिप्पणी कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - III**

**विकल्प – III**

**Human Resource Management / मानव संसाधन प्रबन्ध**

21. How a Human Resource Manager performs both line and staff functions in an organisation ?

एक संगठन में मानव संसाधन प्रबन्धक किस प्रकार लाइन तथा स्टॉफ दोनों कार्यों को निष्पादित करता है ?

22. How Executive Development Programmes [EDPs] enhance overall efficiency and productivity ?

(कार्यकारी) प्रबन्धक विकास कार्यक्रमों से किस प्रकार कुल कार्यकुशलता तथा उत्पादकता को बढ़ाते हैं ?

23. "Discipline and Morale are dependent on each other". Explain.

"अनुशासन तथा मनोबल एक-दूसरे के पूरक है"। समझाइये।



www.examrace.com

24. What are the main causes of industrial disputes in India? What is the machinery for settlement of Industrial Disputes in India ?

भारत में औद्योगिक विवादों के प्रमुख कारण क्या है ? भारत में औद्योगिक विवादों के निपटारे के लिए उपलब्ध मशीनरी का उल्लेख कीजिए।

25. What is the present shape of the scheme of Workers Participation in Management in India ?

भारत में प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी की योजना वर्तमान में किस स्थिति में है ?

**अथवा / OR**

**Elective - IV**

**विकल्प – IV**

**International Business / अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय**

21. What problems India will be confronted with as a result of Intellectual Property Rights?

बौद्धिक सम्पदा अधिकार (IPR) के परिणामस्वरूप भारत को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है ?

22. What is the impact of WTO Agreement on Indian Agriculture ?

भारतीय कृषि पर डब्ल्यू.टी.ओ. समझौते का क्या प्रभाव पड़ा है ?

23. What are the methods for management of Risk due to fluctuations in foreign exchange rates ?

विदेशी विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव के कारण जोखिम प्रबन्धन के लिए कौनसी पद्धतियां अपनायी जाती है ?

24. What is partial convertibility of Rupee? What are the problems in introducing full convertibility ?

रूपये की आंशिक परिवर्तनशीलता से क्या आशय है ? रूपये की पूर्ण परिवर्तनशीलता को लागू करने में कौनसी समस्याएं हैं ?



www.examrace.com

25. Give an account of the recent developments in the Indian Capital Market.

भारतीय पूंजी बाजार में हाल ही में हुये परिवर्तनों का लेखा दीजिए।

**अथवा / OR**

**Elective - V**

**विकल्प – V**

**Income-tax Law and Tax Planning / आयकर तथा कर नियोजन**

21. How to claim exemption in respect of newly established industrial undertakings in free trade zones ?

मुक्त बाजार क्षेत्रों में नव-स्थापित औद्योगिक उपक्रमों के लिए छूट का दावा कैसे किया जाता है ?

22. What is basis of charge of salary income ?

वेतन द्वारा प्राप्त आय पर प्रभार लगाने का आधार क्या है ?

23. How losses of a firm are treated for tax purpose ?

कर के उद्देश्य से किसी फर्म की हानि को किस प्रकार लिया जाता है ?

24. How is assessment of dividends done ?

लाभांश का कर निर्धारण कैसे होगा ?

25. Who are Income Tax Authorities in India ?

भारत में आयकर प्राधिकारी कौन है ?

www.examrace.com

## SECTION - IV

## खंड — IV

**NOTE:** This section consists of one essay type question of forty (40) marks to be answered in about one thousand (1000) words on any of the following topics. This question carries 40 marks.

**(40x1=40 marks)**

**नोट :** इस खंड में चालीस ( 40 ) अंकों का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार ( 1000 ) शब्दों में अपेक्षित है।

**(40x1=40 अंक)**

**26.** How VAT is superior to the traditional Sales Tax? What are the potential reasons that a few states have not initiated to implement VAT ? Account for benefits of VAT to the States implementing the scheme.

पारम्परिक बिक्री कर से किस प्रकार वैट उत्तम है ? वे कौन से कारण हैं जिनकी वजह से कुछ राज्यों ने वैट लागू करने की दिशा में पहल नहीं की है ? वैट लागू करने वाले राज्यों को इस योजना से कौन से लाभ प्राप्त होंगे ?

**OR / अथवा**

It is said 'Export or Perish'. In this context descibe a number of export promotion measures announced under the EXIM Policy 2005-06 to ensure high exports.

यह कहा जाता है कि "निर्यात करो या नष्ट हो जाओ", इस सन्दर्भ में नवीनतम एग्जिम नीति के अन्तर्गत अधिक निर्यात को सुनिश्चित करने वाले विभिन्न निर्यात वृद्धि उपायों का विवरण दें।

**OR / अथवा**

Define poverty in relation to BPL. Critically examine the success and failures of different poverty alleviation programmes launched by the Government of India.

बी.पी.एल. के सन्दर्भ में गरीबी को परिभाषित कीजिए। भारत सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की सफलताओं एवं असफलताओं का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

www.examrace.com